SarkariExam.Com

अपडेट सबसे पहले

अब घंटो पढ़ने की जरूरत नहीं, मात्र कुछ मिनटों मे ही लीजिये Current Affairs की जानकारी – और रहिए अपडेट ॥ अब से हर रोज RRB Railway ASM/ NTPC – 2, RPF Exam और Exam के लिए के Current Affairs के महत्वपूर्ण प्रश्नों की अपडेट हम आपको देंगे, जो करेंगे मदद आपके सभी Exams मे और आपका सरकारी नौकरी पाने का सपना होगा सच ॥

Special 20 Questions for Current Affairs 01/04/2019

Q1. हाल ही में कौन सा शहर 5जी कवरेज और ब्रॉडबैंड कनेक्टिविटी और नेटवर्क वाला विश्व का पहला शहर बन गया है?

क. न्यूयॉर्क

ख. वाशिंगटन

ग. शंघाई

घ. गोवा

चीन का शंघाई शहर हाल ही में 5जी कवरेज और ब्रॉडबैंड कनेक्टिविटी और नेटवर्क वाला विश्व का पहला शहर बन गया है. चीन नेक्स्ट जनरेशन मोबाइल नेटवर्क के मामले में अमेरिका और अन्य देशों को पछाड़ने की कोशिश में लगा है.

SarkariExam.Com

Q2. निम्न में से किसने हाल ही में 7 वकीलों को सीनियर एडवोकेट का दर्जा दिया है?

क. केंद्र सरकार

ख. हाईकोर्ट

ग. सुप्रीम कोर्ट

घ. निति आयोग

सुप्रीम कोर्ट ने हाल ही में 7 वकीलों को सीनियर एडवोकेट का दर्जा दिया है अब तक शीर्ष अदालत 420 वकीलों को सीनियर एडवोकेट का दर्जा दे चुकी है. सुप्रीम कोर्ट ने मुख्य न्यायाधीश रंजन गोगोई की अध्यक्षता वाली पीठ ने वकीलों को सीनियर एडवोकेट का दर्जा दिया.

Q3. निम्न में से किस आईआईटी संस्थान के शोधकर्ताओं ने टीबी और मलेरिया का पता लागने के लिए डिवाइस बनाया है?

क. दिल्ली आईआईटी

ख गुजरात आईआईटी

ग. खड़गपुर आईआईटी

घ. मद्रास आईआईटी

दिल्ली आईआईटी संस्थान के शोधकर्ताओं ने हाल ही में कृत्रिम बुद्धिमता (एआई) आधारित टीबी, मलेरिया और सर्वाइल कैंसर का पता लागने के लिए डिवाइस बनाया है जो की मिलीसेकेंड में इन बीमारी का पता लगा लेगा

SarkariExam.Com

Q4. अमेरिका में किस सिटी के पार्षद रॉबर्ट कॉर्नी को (6 फीट 10 इंच) दुनिया के सबसे लंबे पुरुष राजनेता के खिताब से सम्मानित किया गया है?

क. वाशिंगटन सिटी

ख. टेक्सास सिटी

ग. न्यूयॉर्क सिटी

घ. कैलिफोर्निया सिटी

हाल ही में अमेरिका में न्यूयॉर्क सिटी के पार्षद रॉबर्ट कॉर्नी को दुनिया के सबसे लंबे पुरुष राजनेता के खिताब से सम्मानित किया गया है. उनकी हाईट 6 फीट 10 इंच है. साथ ही गिनीज बुक के अधिकारियों ने उन्हें वर्ल्ड रिकॉर्ड का सर्टिफिकेट भी सौंपा है.

Q5. मेराडोना के गोल की याद दिलाने वाले किस फुटबॉलर को बेस्ट गोल का अवॉर्ड दिया गया है?

क. क्रिस्तिआनो रोनाल्डो

ख. मोहमद सलाह

ग. पेले

घ. लियोनेल मेसी

मेराडोना के गोल की याद दिलाने वाले फुटबॉलर लियोनेल मेसी को फुटबॉलर को बेस्ट गोल का अवॉर्ड दिया गया है. मेसी के 2007 में कोपा डेल रे सेमीफाइनल में गेटाफे के खिलाफ किए गए विजयी गोल को सर्वश्रेष्ठ गोल चुना गया है

SarkariExam.Com

Q6. सिडनी ओलंपिक में कौन सा मेडल जीतनेवाली भारोत्तोलक कर्णम मल्लेश्वरी को द्रोणाचार्य पुरस्कार से सम्मानित किया गया है?

क. गोल्ड मेडल

ख. सिल्वर मेडल

ग. ब्रोंज मेडल

घ. इनमे से कोई नहीं

सिडनी ओलंपिक में भारत की तरफ से ब्रोंज मेडल जीतनेवाली भारोत्तोलक कर्णम मल्लेश्वरी को इस वर्ष द्रोणाचार्य पुरस्कार से सम्मानित किया गया है

Q7. किस वर्ष वायु सेना में फाइटर पायलट के तौर पर नियुक्त किये गए फाइटर पायलट एयर मार्शल एनएस ढिल्लों को सामरिक बल कमान प्रमुख नियुक्त किया गया है?

क. 1961

ख. 1971

ग. 1981

घ. 1992

वर्ष 1981 में वायु सेना में फाइटर पायलट के तौर पर नियुक्त किये गए फाइटर पायलट एयर मार्शल एनएस ढिल्लों को हाल ही में सामरिक बल कमान प्रमुख नियुक्त किया गया है वे सामरिक परमाणु शस्त्रागारों की जिम्मेदारी संभालेंगे और देश के परमाणु शस्त्रागार देखेंगे.

SarkariExam.Com

Q8. केंद्र सरकार को मनरेगा मजदूरी बढ़ाने के लिए किसने सशर्त मंजूरी दे दी है?

क. सुप्रीमकोर्ट

ख. हाईकोर्ट

ग. चुनाव आयोग

घ. निति आयोग

चुनाव आयोग ने हाल ही में उसने ग्रामीण विकास मंत्रालय के एक अप्रैल से मनरेगा योजना के तहत मजदूरी को संशोधित करने के अनुरोध को मंजूरी दे दी है.

Q9. डीएसजेए के वार्षिक वितरण समारोह में कुश्ती कोच राज सिंह को किस अवार्ड से सम्मानित किया गया है?

क. भारत रतन अवार्ड

ख. द्रोणाचार्य अवार्ड

ग. लाइफ टाइम एचीवमेंट अवार्ड

घ. पदमश्री अवार्ड

दिल्ली खेल पत्रकार संघ (डीएसजेए) के वार्षिक वितरण समारोह में कुश्ती कोच राज सिंह को उनके उल्लेखनीय योगदान के लिए लाइफ टाइम एचीवमेंट अवार्ड से सम्मानित किया गया है

SarkariExam.Com

Q10. भारत के युवा कोच जसपाल राणा और ऋषभ पंत के बचपन के कोच तारक सिन्हा को किस अवार्ड से सम्मानित किया गया है?

क. भारत रतन अवार्ड

ख. द्रोणाचार्य अवार्ड

ग. लाइफ टाइम एचीवमेंट अवार्ड

घ. सर्वश्रेष्ठ कोच

भारत के युवा निशानेबाजों को सिखाने वाले कोच जसपाल राणा और ऋषभ पंत के बचपन के कोच तारक सिन्हा को सर्वश्रेष्ठ कोच के अवार्ड से सम्मानित किया गया है. कोच तारक सिन्हा का अवार्ड खुद ऋषभ पंत ने ग्रहण किया था.

Q11. आईएनएस कदमत स्वदेशी पनडुब्बी 'लीमा-19' में भाग लेने के लिए किस देश में गयी है?

क. अमेरिका

ख. जापान

ग. चीन

घ. मलेशिया

आईएनएस कदमत स्वदेशी पनडुब्बी जो भारतीय नौसेना में शामिल हुई है वो मलेशिया लीमा-19' में भाग लेने के लिए गयी है. आईएनएस कदमत अत्याधुनिक हथियार से लैस है. इसमें बेहतर और उच्च कोटि के संसर है.

SarkariExam.Com

Q12. निम्न में से किस खिलाडी को डीएसजेए के वितरण समारोह में इस वर्ष का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुना गया है?

क. संजू सेमसन

ख. ऋषभ पंत

ग. विराट कोहली

घ रोहित शर्मा

दिल्ली खेल पत्रकार संघ (डीएसजेए) के वार्षिक वितरण समारोह में भारतीय क्रिकेट टीम के युवा क्रिकेटर ऋषभ पंत को इस वर्ष के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी के अवार्ड से सम्मानित किया गया है.

Q13. पूर्व महासचिव पी सुधारकर रेड्डी ने हाल ही में किस पार्टी से इस्तीफा दे दिया है?

क. कांग्रेस पार्टी

ख. भाजपा पार्टी

ग. समाजवादी पार्टी

घ. इनमे से कोई नहीं

पूर्व महासचिव पी सुधारकर रेड्डी ने हाल ही में कांग्रेस पार्टी से इस्तीफा दे दिया है. कांग्रेस पार्टी अध्यक्ष राहुल गांधी को लिखे पत्र में सुधाकर जी ने कांग्रेस राज्य इकाई पर रुपए के बदले टिकट देने का आरोप लगाया है

SarkariExam.Com

Q14. भारतीय अंतरिक्ष एजेंसी, ISRO 1 अप्रैल 2019 को किस उपग्रह का प्रक्षेपण करेगी?

क. Cartosat-2

ख. EMISAT

ग. MicroSat

घ. AstroSat

भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) 1 अप्रैल, 2019 को प्राथमिक पेलोड EMISAT सहित 29 उपग्रहों का प्रक्षेपण करेगा। इन उपग्रहों को ले जाने वाला PSLV-C45 (ध्रुवीय उपग्रह प्रक्षेपण यान), इन से दूर ले जाएगा श्रीहरिकोटा में सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र।

Q15. अपीलेट ट्रिब्यूनल ने आईएल एंड एफएफ ग्रुप की कितनी कंपनियों की वित्तीय जानकारी मांगी है?

क. 5 कंपनियों

ख. 10 कंपनियों

ग. 13 कंपनियों

घ. 20 कंपनियों

अपीलेट ट्रिब्यूनल ने आईएल एंड एफएफ ग्रुप की 13 कंपनियों की वित्तीय जानकारी मांगी है. ट्रिब्यूनल ने कहा कि आईएल एंड एफएस के नए बोर्ड और सरकार द्वारा रेजोल्यूशन के लिए जो भी कमद उठाए जा रहे हैं उनके लिए ट्रिब्यूनल से मंजूरी लेनी होगी.

SarkariExam.Com

Q16. डीएसजेए के वितरण समारोह में राष्ट्रमंडल और एशियाई खेलों में गोल्ड मेडल जीतने वाले किस खिलाडी को वर्ष का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुना गया है?

क. गगन नारंग

ख. बजरंग पूनिया

ग. सूशील पहलवान

घ. राज सिंह

हाल ही में दिल्ली खेल पत्रकार संघ (डीएसजेए) के वार्षिक वितरण समारोह में राष्ट्रमंडल और एशियाई खेलों में गोल्ड मेडल और विश्व चैंपियनशिप में सिल्वर मेडल जीतने वाले पहलवान बजरंग पूनिया को सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी के अवार्ड से सम्मानित किया गया है.

Q17. एशियाई एयरगन चैम्पियनशिप के जूनियर वर्ग में कितने मीटर एयर पिस्टल इवेंट में 13 साल की ईशा ने गोल्ड मेडल जीता है?

क. 5 मीटर

ख. 10 मीटर

ग. 15 मीटर

घ. 20 मीटर

एशियाई एयरगन चैम्पियनशिप के जूनियर वर्ग में 10 मीटर एयर पिस्टल इवेंट में 13 साल की ईशा ने गोल्ड मेडल जीता है. ईशा ने फाइनल में 240.1 का स्कोर किया है

SarkariExam.Com

Q18. आईपीएल के अब तक के इतिहास में हाल ही में कौन सी बार मैच टाई हुआ और पहली बार दिल्ली कैपिटल सुपर ओवर में जीती है?

क. पहली बार

ख. चौथी बार

ग. सातवी बार

घ. आठवी बार

आईपीएल के अब तक के इतिहास में आठवी बार मैच टाई हुआ और पहली बार दिल्ली कैपिटल सुपर ओवर में जीती है. सबसे पहले 2013 में बेंगलुरु के एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में दिल्ली और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के बीच मैच टाई हुआ था.

Q19. महिला वर्ग में महिला हॉकी टीम की कप्तान रानी रामपाल और किस महिला खिलाडी को इस वर्ष सर्वश्रेष्ठ महिला खिलाड़ी के अवार्ड से सम्मानित किया है?

क. मनु भास्कर

ख. गीता फोघट

ग. कर्णम मल्लेश्वरी

घ. दीपिका करमाकर

हाल ही में दिल्ली खेल पत्रकार संघ (डीएसजेए) के वार्षिक वितरण समारोह में महिला वर्ग में महिला हॉकी टीम की कप्तान रानी रामपाल और युवा निशानेबाज मनु भास्कर को इस वर्ष खेल में बेहतरीन योगदान देने के लिए सर्वश्रेष्ठ महिला खिलाड़ी के अवार्ड से सम्मानित किया है

SarkariExam.Com

Q20. ब्रिटिश सांसदों ने हाल ही में कौन सी बार ब्रेग्जिट डील को खारिज कर दिया है?

क. दूसरी बार

ख. तीसरी बार

ग. चौथी बार

घ. सातवी बार

ब्रिटिश सांसदों ने हाल ही में हाउस ऑफ कॉमन्स में तीसरी बार ब्रेग्जिट डील को खारिज कर दिया है. सांसदों ने हाउस ऑफ कॉमन्स में ब्रिटेन के यूरोपीय संघ से तथाकथित अलग होने की शर्तों को 286 के बदले 344 मतों से खारिज कर दिया

SarkariExam.Com